भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

19.12.2025 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2342 का उत्तर

भारतीय रेलवे द्वारा अर्जित राजस्व

2342. श्री संदोष कुमार पी.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2024-2025 के दौरान भारतीय रेलवे द्वारा अर्जित कुल राजस्व कितना है;

(ख) वर्ष 2024-2025 के दौरान टिकट किराए से भारतीय रेलवे द्वारा अर्जित राजस्व कितना है;

(ग) क्या मंत्रालय आगामी वर्ष में वरिष्ठ नागरिकों और महिला यात्रियों को दी जाने वाली रियायतों को पुनः लागू करने का विचार रखता है;

(घ) यदि हाँ, तो मंत्रालय द्वारा इन रियायतों को पुनः लागू करने की अनुमानित तिथि क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 का भारतीय रेल का कुल राजस्व और यात्री यातायात से प्राप्त राजस्व नीचे दिया गया है।

(करोड़ रुपए में)

	2023-24	2024-25
कुल राजस्व	2,56,094	2,65,678
यात्री राजस्व	70,693	75,368

भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों को किफायती सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और वर्ष 2023-24 में यात्री टिकटों पर 60,466 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी गई। यह राशि रेल में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को दी गई औसतन 45% रियायत के बराबर है। दूसरे शब्दों में, यदि सेवा प्रदान करने की लागत 100 रुपए है, तो टिकट की कीमत केवल 55 रुपए होती है। यह सब्सिडी सभी यात्रियों के लिए जारी है। इसके अलावा, दिव्यांगजनों की 4 कोटियों, रोगियों की 11 कोटियों और छात्रों की 8 कोटियों जैसी कई कोटियों के लिए इस सब्सिडी से अतिरिक्त रियायतें जारी हैं।

*****